# राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना – 800006

## राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा – 2020

## (कक्षा VIII में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)

# प्रेस विज्ञप्ति

शैक्षिक सत्र 2019–20 में राज्य सरकार के विद्यालयों में कक्षा VIII में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा–2020 के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी निम्नवत है :–

## राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा – 2020

■ **राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना** – मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परन्तु मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए "राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना" (National Means - cum - Merit Scholarship Scheme) प्रारंभ किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत राज्य के केवल राजकीय / राजकीयकृत / राज्य सरकार / भारत सरकार के अनुदान से संचालित विद्यालय / मान्यता प्राप्त अनुदानित अल्पसंख्यक विद्यालयों / मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों में नामांकित होकर विधिवत अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को कक्षा IX से कक्षा XII तक की पढ़ाई के लिए पूर्व में प्रति वर्ष 6000/– रुपये की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाती थी। जिसे मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संशोधित कर प्रतिवर्ष 12000/– रूपये कर दिया गया है।

■ **छात्रवृत्ति हेतु आवेदन देने की अर्हत्ता**

1. आवेदक शैक्षिक सत्र 2018–19 में राज्य के केवल राजकीय / राजकीयकृत / राज्य सरकार / भारत सरकार के अनुदान से संचालित विद्यालय (जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय एवं केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय एवं प्राइवेट विद्यालय को छोड़कर) / मान्यता प्राप्त अनुदानित अल्पसंख्यक विद्यालयों / मदरसा एवं संस्कृत विद्यालयों में पढ़ते हुए 55 प्रतिशत (पचपन प्रतिशत) अंकों के साथ कक्षा VII की परीक्षा उत्तीर्ण हों और वर्तमान शैक्षिक सत्र 2019–20 में ऊपर अंकित किसी भी प्रकार के विद्यालय में कक्षा VIII में नामांकित होकर विधिवत अध्ययनरत हों।
2. जिनके माता–पिता की सभी स्रोतों से कुल वार्षिक आय 1.5 लाख (एक लाख पचास हजार) रुपये से अधिक नहीं हो।
3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं निःशक्त छात्र/छात्राओं के लिए उत्तीर्णांक में 5 (पाँच) प्रतिशत की छूट होगी।

■ **परीक्षा शुल्क :– इस परीक्षा हेतु कोई शुल्क देय नहीं है।**

**परीक्षा केन्द्र** : परीक्षार्थियों की संख्या के अनुरूप परीक्षा केन्द्र सभी जिला मुख्यालयों में होगा।

■ **चयन प्रक्रिया** :– इस योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु अर्हत्ता प्राप्त छात्र/छात्राओं का चयन SCERT Patna, के द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा द्वारा किया जाएगा।

■ **छात्रवृत्ति की संख्या** :– सम्पूर्ण भारत वर्ष में 1 (एक) लाख छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति दिए जाने का प्रावधान है। इस योजना के तहत प्रत्येक राज्य का कोटा है। कोटा के अनुसार बिहार राज्य का अंश 5433 हैं। राज्य के आवंटित कोटा से प्रत्येक जिला का कोटा एक सूत्र के अनुसार निर्धारित है।

■ **आरक्षण** :– इस छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा निर्धारित/लागू आरक्षण नियमावली के अनुसार कोटिवार आरक्षण लागू होगा।

**जाति–प्रमाण–पत्र** :– आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी) द्वारा निर्गत **जाति–प्रमाण–पत्र** Upload करना अनिवार्य होगा। प्रमाण–पत्र Upload नहीं करने की स्थिति में Apply करते समय सामान्य श्रेणी का चयन किया जाय।

**आय–प्रमाण–पत्र** :– आवेदन–पत्र के साथ सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी) से प्राप्त **आय–प्रमाण–पत्र** upload करना अनिवार्य होगा। **माता–पिता की सभी स्रोतों से कुल वार्षिक आय 1.5 लाख (एक लाख पचास हजार) रुपये तक अनुमान्य है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदकों** को आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी) द्वारा निर्गत **आय–प्रमाण–पत्र** (माता–पिता की सभी स्रोतों से **कुल वार्षिक आय 1.5 लाख** (एक लाख पचास हजार) रुपये **तक अनुमान्य**) एवं सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत **आय एवं संपति प्रमाण–पत्र** Upload करना अनिवार्य होगा।

**निःशक्तता प्रमाण–पत्र** :– निःशक्त आवेदकों के लिए निःशक्तता से संबंधित (Civil Surgeon)/सक्षम प्राधिकार के द्वारा निर्गत (न्यूनतम 40% निःशक्तता का प्रतिशत) **निःशक्तता प्रमाण–पत्र** Upload करना अनिवार्य होगा। प्रमाण–पत्र Upload नहीं करने की स्थिति में None का चयन किया जाय।

## राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृति परीक्षा का स्वरूप निम्नवत हैः–

| विषय | प्रश्नों की संख्या | पूर्णांक | परीक्षा की अवधि | | न्यूनतम अर्हत्तांक (MAT एवं SAT को जोड़कर) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य के लिए | निःशक्त (केवल नेत्रहीन) के लिए | सामान्य के लिए | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/निःशक्त के लिए |
| मानसिक योग्यता परीक्षा (MAT) | 90 | 90 | 90 मिनट | 120 मिनट | 72(40%) | 58(32%) |
| शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) | 90 | 90 | 90 मिनट | 120 मिनट | | |

परीक्षा का पाठ्यक्रम : राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृति परीक्षा का कोई निर्धारित पाठ्यक्रम नहीं है। इस परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों का पता लगाना है। इस परीक्षा में प्रश्न राज्य सरकार के विद्यालयों में वर्ग VIII में पढ़ाए जाने वाले विषयों / पाठ्यक्रम पर आधारित रह सकते हैं।
मानसिक योग्यता परीक्षा के अन्तर्गत तर्क, विश्लेषण, संश्लेषण से संबंधित शाब्दिक, अशाब्दिक प्रश्न एवं शैक्षिक योग्यता परीक्षा के अंतर्गत विज्ञान (भौतिकी, रसायन, जीव–विज्ञान), सामाजिक विज्ञान (इतिहास, राजनीति विज्ञान एवं भूगोल) एवं गणित विषय से प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 (एक) अंक का होगा। सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ और बहुविकल्पीय प्रणाली के अंतर्गत 4 (चार) विकल्प वाले होंगे। । प्रश्न–पत्र हिन्दी / अंग्रेजी दोनों भाषाओं में रहेगा। परीक्षार्थियों को अपना उत्तर OMR उत्तर–पत्रक पर देना है। परीक्षा दो पाली में आयोजित होगी। जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| विषय | परीक्षा का समय |
|---|---|
| मानसिक योग्यता परीक्षा (MAT) | प्रथम पाली : प्रातः 10:30 से 12:00 बजे अपराह्न तक निःशक्त जनो के लिए 30 मिनट अतिरिक्त (केवल दृष्टि बाधित एवं लिखने में असमर्थ के लिए) |
| शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) | द्वितीय पाली :: अपराह्न 1:00 बजे से 2:30 बजे अपराह्न तक निःशक्त जनो के लिए 30 मिनट अतिरिक्त (केवल दृष्टि बाधित एवं लिखने में असमर्थ के लिए) |

आवेदन कैसे करें : SCERT PATNA के वेबसाईट www.biharscert.in पर Visit कर **Online Application Portal for (NTSE) National Talent Search Examination-2020 & (NMMSS) National Means Cum Merit Scholarship Examination-2020** पर क्लिक कर **NMMSS-2020** में **Registration** एवं **Application Submission** किया जाना है। विस्तृत दिशा–निर्देश **Portal** पर उपलब्ध है।

छात्र/छात्रा जिस विद्यालय में अध्ययनरत हैं उस विद्यालय का पंजीकरण **Online Application Portal** पर किया जाना आवश्यक है। **Portal** पर **Registration** एवं **Online Application Submission** संबंधी प्रक्रिया निम्नवत् हैः–

| | |
|---|---|
| ▪ **Online Application Portal** पर विद्यालय का पंजीकरण | 12.08.2019–20.08.2019 |
| ▪ पंजीकृत विद्यालय का **SCERT** द्वारा सत्यापन | 13.08.2019–24.08.2019 |
| ▪ आवेदकों द्वारा **Online Application Portal** पर **Registration** एवं **Online Application Submission** | 27.08.2019–30.09.2019 |
| ▪ आवेदकों द्वारा **Submit** किये गये **Onlne Application** का विद्यालय स्तर पर **Online Approval** | 01.10..2019–05.10.2019 |
| ▪ **Online** प्रवेश पत्र प्राप्त करना | 04.11.2019–17.11.2019 |
| ▪ परीक्षा तिथि | 17.11.2019 |
| ▪ राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृति परीक्षा की अनंतिम उत्तर कुंजी **(Provisional Answer Key) Portal** पर **Upload** किया जाना | 22.11.2019 तक |
| ▪ परीक्षा में पूछे गये प्रश्नों एवं अनंतिम उत्तर कुंजी **(Provisional Answer Key)** पर परीक्षार्थियों द्वारा आपत्तियों की प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि (नियत तिथि के उपरान्त अथवा बिना वैध साक्ष्य के प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा) | 02.12.2019 तक |

राजकीय / राजकीयकृत / राज्य सरकार / भारत सरकार के अनुदान से संचालित विद्यालय / मान्यता प्राप्त अनुदानित अल्पसंख्यक विद्यालय / मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय, **SCERT PATNA** के वेबसाईट www.biharscert.in पर **Visit** कर **Online Application Portal** पर **Registration** निर्धारित समय सीमा के अन्दर करना सुनिश्चित करेंगे। किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति में परिषद् के **Help desk email Id: exam.scertbihar@gmail.com** एवं हेल्प लाईन नं0–7979828842 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

15/8/19

(विनोद कुमार सिंह)
निदेशक
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
बिहार, पटना–800006